लचर व्यवस्था | सिर्फ कागजी साबित हो रहा प्रतिबंध, जमीनी हकीकत शून्य

# सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के कचरे से पटा शहर

**शहडोल, नवभारत।** नगर की शायद ही ऐसी कोई गली या बस्ती होगी जहाँ प्लास्टिक की पन्नियां शोभा न बढ़ा रही हों, ये पन्नियां जूठन समेत बिखरी पड़ी नजर आ जाएंगी। जबकि लगभग एक दशक पूर्व प्लास्टिक की अमानक पन्नियों के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया था और उसके भण्डारण, वितरण परिवहन व उपयोग पर दण्ड का प्रावधान किया था।

लेकिन आज तक नगरपालिका शासन के इस निर्णय का पालन नहीं करा सकी। बाजार की दुकानों में सरेआम पन्नियों का उपयोग किया जा रहा है, दुकानदार पन्नियों की छल्ली लगाए बैठे रहते हैं लेकिन नगरपालिका व प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड के अमले द्वारा कोई धरपकड़ नहीं की जाती है। मानों इनके द्वारा दूकानदारों को खुली छूट दे दी गई हो। जबकि इस संबंध में निरंतर धरपकड़ की जानी चाहिए।बता दें कि देशभर में 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री व उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा लगा हुआ है। सिंगल यूज प्लास्टिक की 19



वस्तुओं पर प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत प्रतिबंध लगाया गया है।यही नहीं प्लास्टिक कैरी बैग की न्यूनतम मोटाई भी 120 माइक्रोन की गई है।मोटे कैरी बैग होने पर इसके इस्तेमाल में भी कमी आने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन जो लोग प्रतिबंध के बाद भी उपयोग करने पर परहेज नहीं कर रहे है।

### नालियों को कर रहीं जाम

नगर की बस्तियों में सिंगल यूज्ड पाश्लीथिन की अमानक पन्नियों के कारण बहुत अधिक गंदगी दिखाई पड़ती है। चारो ओर पन्नियों मे भरा जूठन व कचरा सड़कों पर फैला रहता है।नालियों में भी यही पन्नियां ठुसी पड़ी हैं। जिससे नालियां चोक हैं।मक्खियां भिनकती रहतीं हैं, दूर से ही पन्नियों का यत्र-तत्र विखराव दिखाई पड़ता है। इस कारण बस्तियों में संक्रमण की आषंका बनी रहती है। इसी परेषानी के कारण पन्नियों को प्रतिबंधित किया गया था लेकिन नगरपालिका के निकम्मेंपन के कारण आज तक इसका निदान नहीं हो सका।

### मवेशियों के लिए घातक हैं पन्नियां

इधर उधर खुली जगहों में पन्नियों के पड़े होने एवं इन पन्नियों में सब्जी के छिलके और खाद्य सामग्री बाँधकर फेंकने से जानवर उन्हें खाकर बीमार पड़ जाते हैं। कई बार तो उनकी मृत्यु भी हो जाती है। इसके अलावा सड़कों पर सुबह झाड़ू लगाने वाले सफाई कर्मी सड़कों का कचरा बटोर कर उसमें आग लगा देते हैं, जो कि वायु प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारण हैं, इसकी दुर्गंध एवं धुएं से लोग बीमार हो रहे हैं। पन्नियों जलाने के कारण उसमें से विशाक्त गैसें उत्सर्जित होतीं हैं जो मानव के शरीर में प्रवेष कर गंभीर रोगों को जन्म दे सकतीं हैं। इसलिए सड़कों पर कचरा जलाना भी वर्जित किया गया था। लेकिन कड़ी निगरानी बिना कोई व्यवस्था दीर्घकाल तक संचालित नहीं हो सकती है।इसका भी यही हाल है, सफाईकर्मी ही नियम तोड़ देते हैं।

### अभियान के बाद सुस्त पड़ा प्रशासन

केन्द्र एवं राज्य सरकारों के निर्देशानुसार नगर पालिका ने एक दो बार अभियान चलाया भी था और बड़े स्टाकिस्टों व दुकानदारों के यहाँ छापा डालकर कई क्विंटल अमानक पन्नियां जप्त की थीं। जागरूकता रैली एवं अभियानों का असर जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। एक लम्बा अर्सा बीत गया इस तरह की फिर कोई धरपकड़ नहीं की गई। जबकि स्टाकिस्टों व दुकानदारों ने पन्नियों का कारोबार चला रखा है। पूर्णतया रोकथाम के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान एवं छापामार कार्यवाही होनी चाहिए। लोगों को सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के बहिस्कार हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए साथ ही जुर्माने आदि का प्रावधान भी लागू किया जाए।



## ऐप में सावधानी पूर्वक एवं सत्यता के साथ दर्ज करें जानकारी

▸ उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर के कार्यों का किया निरीक्षण

**शहडोल।** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल संजीव श्रीवास्तव ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिला मुख्यालय के मतदान केंद्र 161,162, 188 एवं 189 एवं 193 में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें तथा ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें।

### ताकि ग्रेडिंग में सुधार हो सके

उन्होंने कहा कि मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को बीएलओ ऐप में शत प्रतिशत दर्ज कराएं, जिससे शहडोल जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। बी.एल.ओ. ऐप में सावधानी पूर्वक एवं सत्यता के साथ जानकारी दर्ज करें तथा निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त पहचान पत्र भी अपने साथ अवश्य रखें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष बीएलओ ऐप में गणना पत्रक में प्राप्त डाटा को दर्ज भी कराया एवं मतदाताओं की संख्या, गणना पत्रक वितरण की स्थिति सहित अन्य जानकारियां भी संबंधित बीएलओ से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, सतीश पटेल सहित संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे।



## स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को संवेदनशीलता के साथ प्रदान करें स्वास्थ्य सेवाएं

▸ सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू का किया औचक निरीक्षण

**शहडोल ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाओं तथा वितरण की समीक्षा की।



उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी डाश. यूबी सिंह को निर्देश दिए की शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजो को दी जाने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए स्टाफ को समय पर उपस्थित होकर पूरी संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेश मिश्रा ने चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों तथा साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। फार्मासिस्ट को बुलाकर एंटी रैबीज वैक्सीन वार्ड में उपलब्ध कराई।

## वाहन व अनाज सहित 5 आरोपी रीवा से गिरफ्तार

▸ सोसायटी से हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**ब्योहारी, नवभारत।** देवलौंद पुलिस ने दो सोसायटी जनकपुर और धरी न. 2 मे गेंहू और चावल की बड़ी मात्रा में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने सोसायटी से चोरी गये गेंहू चावल सहित वारदात में उपयोग किये गये वाहन को भी जप्त किया है।

ज्ञात हो कि 29 मई की रात जनकपुर सोसायटी में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलते हुए 160 बोरी चावल और 77 बोरी गेहूं चोरी कर लिए थे। घटना की रिपोर्ट थाना देवलांद में दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग न लगने पर पुलिस ने तकनीकी और परंपरागत दोनों तरीकों से विवेचना को आगे बढ़ाया।इसी क्रम में 7- 8 नवम्बर की रात सोसायटी धरी नं. 2 में ताला तोड़कर 127 बोरी गेहू और 57 बोरी चावल, कुल मूल्य लगभग 2,57,600 चोरी कर लिए गए।

### फुटेज के आधार आरोपियों की हुई पहचान

लगातार दो बड़े वारदाता के सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों प्रकरणों की संयुक्त रूप से गहन विवेचना शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त वाहन को चिन्हित किया जिसके फुटेज मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रीवा जिले के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपियों में नसीम उर्फ अमन खान पिता जावेद खान उम्र 2 1 वर्ष निवासी ढेकहा रीवा, रोहित सिंह पटेल पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी करहिया थाना चोरहटा रीवा, राजेश पटेल पिता रामराज पटेल उम्र 2 7 वर्ष निवासी ढेकहा वार्ड 5 रीवा, बंटी उर्फ़ रजनीश दाहिया पिता मुन्ना दाहिया उम्र 29 वर्ष निवासी ढेकहा रीवा, एक बाल अपचारी, जिला रीवा शामिल है। पूछतांछ में सभी आरोपियों ने दोनों सोसायटियों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली।

### 10 लाख का माल किया बरामद

पुलिस से जानकारी देते हुए बताया कि वे पहले विभिन्न सोसायटियों की रेकी करते थे और बाद में बड़ी मात्रा में अनाज चोरी कर उसे बेच देते थे। देवलोंद पुलिस ने आरोपियों से कुल 134 बोरा गेहं 67 बोरी चावल और चोरी में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। बरामद मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख बताई जा रही है।

इस कार्यवाही में एसडीओपी ब्यौहारी मुकेश अबिद्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी उपनिराक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में स.उन. इन्द्रलाल पुरी, प्रधान आरक्षक दिनेश शुक्ला, आरक्षक रियाज खान, सत्यप्रकाश मिश्र, ओमप्रसाद तिवारी, अभिषेक तिवारी, आदित्य सिंह, चित्रांशु शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, दीपक रावत एवं शिवेश त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

## 23 ओरनेक्स कफ सिरफ के साथ आरोपी धराया



▸ पुलिस ने दबिश देकर अवैध रुप से बिक्री हेतु रखी नशीली सिरप को किया जब्त

**ब्योहारी।** थाना क्षेत्र मे खनिज का अवैध उतखन्न, नशा एवं अन्य अवैध करोबार बड़े ही जोर सोर से चल रहा था किन्तु जब से थाना ब्योहारी की कमान प्रशिक्षु डीएसपी श्रृषभ छारी को मिला है तभी से उच्चाधिकारियो के निर्देशन मे लगातार खनिज और नशा के खिलाफ तबतोड़ कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन नित नये खुलासा किये जा रहे है।

इसी कड़ी में 16 नवंबर को प्रशिक्षु थाना प्रभारी डीएसपी श्रृषभ छारी के नेतृत्व में नशे के खिलाफ कार्यवाही मे उ.नि. मोहन पड़वार, प्र.आर महेन्द्र पाल शुक्ला, नरेन्द्र उपाध्याय, अमर सिंह, ध्रुवेन्द्र सिंह, आर. गंगा सागर गप्ता, आर. जावेद एवं म.आर. माधु सिंह ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी श्रृषभ छारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पियूष उर्फ़ निक्की शुक्ला पिता लक्ष्मीकांत शुक्ला फारेस्ट रेस्ट हाउस ब्योहारी के पास का रहने वाला है वो अपने घर में अवैध रुप से बिक्री हेतु नशीली कफ सिरफ छुपा कर रखा हुआ है।

### आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस का मामला दर्ज

मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ कर पूँछतांछ किया गया। पूँछ तांछ के दौरान आरोपी ने नशीली कफ सिरफ बिक्री हेतु अवैध रुप से घर मे छुपाये जाने की बात कबूल की गयी एवं तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से कोडिन युक्त 23 नग ओरनेक्स कफ सिरफ बरामद किये गये। आरोपी के पास प्रतिबधित कफ सिरफ रखे जाने संबंधी किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं पाया गया। प्रत्येक कफ सिरफ की क़ीमत 500 रूपये होने से कुल मशरुका 11500/- रूपये का नशीली पदार्थ जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण क़ायम कर विवेचना में लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## बढ़ती ठण्ड के कारण विद्यालयों का संचालन अब प्रात : 9 बजे से

**शहडोल ।** जिले में तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डाश. केदार सिंह ने जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई तथा आई.सी.एस.सी. सहित समस्त बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों के खुलने का समय प्रात: 09:00 बजे से नियत किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि यदि किसी विद्यालय का संचालन प्रात: 09:00 बजे या उसके पश्चात् होता है तो समय यथावत रहेंगा।

## जिला अस्पताल में चलाया सफाई अभियान

**कटनी।** नगर को साफ और स्वच्छ रखने, नगर निगम द्वारा लगतार सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। बीते रविवार को नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों सहित जिला अस्पताल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों के माध्यम से जिला अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार, वार्डों के बाहरी क्षेत्र, पार्किंग स्थल के पास सहित परिसर के विभिन्न स्थलों, पहुंच मार्गों की व्यवस्थित सफाई कराई गई। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सफाई कराई गई।


